प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल आयेंगे रांची, भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लेंगे भाग, कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनाव की रणनीति पर करेंगे चर्चा।

2- नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को एक और सफलता, लातेहार से जेजेएमपी के दो सदस्य गिरफ्तार।

3- रांची में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज, कई लोग चोटिल, भाजपा ने की सरकार की आलोचना।

4- राज्य में अब तक 49 प्रतिशत कम हुई मानसून की बारिश, गुमला, खूंटी और सिमडेगा समेत 11 जिलों में धान रोपनी प्रभावित।

5- केंद्र सरकार खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आईडेंटीफिकेशन पहल के तहत झारखंड समेत देशभर से एक लाख खेल प्रतिभाओं की करेगी पहचान।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल दिन के लगभग डेढ़ बजे रांची पहुंचेंगे और भाजपा की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेंगे। रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान आयोजित पार्टी की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में श्री शाह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करेंगे।

****

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने लातेहार जिले के गारु थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ हिमांशु चंद्र मांझी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से दो देसी बंदूक और एक जिंदा कारतूस मिले हैं।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में मानसून की कम बारिश होने पर चिंता जाहिर की है। गिरिडीह के मधुवन में आज जिले के अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा करने के बाद उन्होंने कहा कि कम बारिश होने की वजह से खेती–किसानी प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी स्थिति पर नजर बनाये हुए है। आवश्यकता पड़ने पर किसानों के लिए राहत की घोषणा की जायेगी।
इससे पहले उन्होंने आज अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ मधुबन स्थित मारांग बुरु दिशोम मांझी थान में पूजा –अर्चना की। बाद में श्री सोरेन ने संक्रांति मैदान में एक सभा को भी संबोधित किया।

****

रांची के मोरहाबादी मैदान में दो जुलाई से आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों और सरकार के बीच आज हुई वार्ता विफल रही। इसके बाद सहायक पुलिसकर्मी बैरिकेडिंग तोड़कर मुख्यमंत्री आवास घेराव करने के लिए आगे बढ़ गए। इसके बाद पुलिस ने सहायक पुलिसकर्मियों को रोकने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। इस घटना में करीब आधा दर्जन सहायक पुलिसकर्मी चोटिल हुए हैं।

****

भाजपा ने सहायक पुलिसकर्मियों पर हुई लाठीचार्ज की घटना की निंदा की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा यह घटना इस बात को बल देता है कि राज्य सरकार अपना वादा पूरा नहीं करना चाहती।

****

राज्य में विधि व्यवस्था के सवाल पर आज नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह से मुलाकात की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री बाउरी ने कहा कि हाल के दिनों में राज्य के अलग–अलग क्षेत्रों में जिस प्रकार की घटनाएं हुई हैं, वह चिंताजनक है।

****

सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में रांची स्थित रिम्स की एक छात्रा को गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने 2023 बैच की एमबीबीएस की छात्रा सुरभि कुमारी का मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिये हैं। रिम्स के स्वास्थ्य उपाधीक्षक डा. राजीव रंजन ने कहा कि रिम्स प्रबंधन सीबीआई को जांच में सहयोग कर रहा है।

****

लोहरदगा के आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है। रांची की एसीबी टीम ने उन्हें 15 हजार रुपये रिश्वत लेते एक निजी अस्पताल से गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम ने अस्पताल के संचालक के छोटे भाई को भी हिरासत में लिया है।

****

केन्द्र सरकार अगले सप्ताह से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी। पेश है एक रिपोर्ट–

****

देश में एक जुलाई से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों का रामगढ़ जिले के कानूनविदों ने सराहना की है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुन मांडविया ने आज नई दिल्ली में खेलो इंडिया उभरती प्रतिभा की पहचान–कीर्ति पहल के दूसरे चरण का उद्घाटन किया।

****

मौसम विभाग ने कहा है कि झारखंड में मानसून कमजोर रहा है। अब तक सामान्य से 49 फीसदी कम वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने 21 और 22 जुलाई को मानसून के फिर रफ्तार पकड़ने की संभावना व्यक्त की है।

********समाप्त********